प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय वित्त मंत्री की प्री बजट बैठक में झारखंड ने फिर उठाया एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाये का मुद्दा, राज्य के वित्त मंत्री ने बजट को लेकर दिये कई सुझाव।
- सीबीआई की विशेष अदालत ने सीसीएल में फर्जी तरीके से नौकरी देने के 26 साल पुराने मामले में तत्कालीन जीएम समेत 22 अभियुक्तों को सुनायी तीन–तीन साल की सजा।
- रांची में 18 दिवसीय राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव की हुई शुरुआत, ग्रामीण विकास मंत्री और उद्योग मंत्री ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने की जतायी प्रतिबद्धता।
- रांची समेत राज्यभर में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी, लोगों को ठंड से मिली थोड़ी राहत, 26 दिसंबर तक मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं।
- जमशेदपुर में आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड की दीपिका कुमारी को मिला रिकर्व तीरंदाजी में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब।

*******************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट 2025–26 को लेकर राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ प्री–बजट बैठक की। इस दौरान झारखंड सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी कई सुझाव दिये। श्री किशोर ने सबसे पहले केन्द्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिखकर झारखंड का बकाया एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का आग्रह किया। श्री किशोर ने कहा कि अर्धविकसित राज्य झारखंड के संपूर्ण विकास के लिए सरकार के पास बहुआयामी योजनाएं और विजन हैं लेकिन इसमें केन्द्र सरकार का सहयोग आवश्यक है।

*******************

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक आज जैसलमेर में होगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इसमें वस्तु एवं सेवा कर से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बैठक में झारखंड की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर शामिल होंगे।

*******************

सीबीआई की विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सीसीएल में फर्जी नौकरी से जुड़े 26 साल पुराने मामले में सीसीएल के तत्कालीन जीएम हरिद्वार सिंह और उनके पुत्र प्रमोद कुमार सिंह समेत 22 अभियुक्तों को तीन–तीन साल के कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने तत्कालीन जीएम पर 50 हजार और अन्य अभियुक्तों पर दो–दो हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

*******************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने मिलिंग कोपरा और बॉल कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्यों के बारे में जानकारी दी।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगण 23 दिसंबर को तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। 23 दिसंबर को श्री मुरुगण पलामू जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में लोक प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। 24 दिसंबर को वे पलामू में ही प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और कई योजनाओं का निरीक्षण भी करेंगे। 25 दिसंबर को केन्द्रीय राज्य मंत्री दूरदर्शन केन्द्र डालटनगंज और सीबीसी ऑफिस का भी निरीक्षण करेंगे।

*******************

राज्य सरकार मिल्क कलेक्शन सेंटर की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रही है। कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची के होटवार स्थित मेधा डेयरी प्लांट का औचक निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों को बताया कि राज्य में मिल्क कलेक्शन सेंटर की संख्या बढ़ाने का मकसद पशुपालकों को दूध का उचित मूल्य देना है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों और पशुपालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

रांची के मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव की शुरुआत हो गयी है। राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने संयुक्त रुप से इसका उदघाटन किया। महोत्सव के उदघाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि खादी से जुड़कर बुनकरों और कारीगरों को बाजार मिला है, जहां उनकी प्रतिभा की उचित कीमत मिल रही है।

राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि खादी को बढ़ावा देकर राज्य से पलायन को रोका जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि सरकार उद्योग को बढ़ावा देकर अपने ही राज्य में लोगों को रोजगार देने की पहल कर रही है।

मौके पर रांची विधायक सीपी सिंह ने कहा कि खादी को बढ़ावा देकर रोजगार के नये अवसर पैदा किये जा सकते हैं।

*******************

साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने जामताड़ा जिले के कर्माटांड और नारायणपुर थाना क्षेत्र से छह शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम बकारिब ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गयी हैं।

*******************

रांची समेत राज्यभर में बादल छाने से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने 26 दिसंबर तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान कई क्षेत्रों में घना कोहरा देखने को मिल सकता है।

*******************

जमशेदपुर में कल संपन्न राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की दीपिका कुमार को रिकर्व तीरंदाजी में राष्ट्रीय चैंपियन होने का खिताब हासिल हुआ। दीपिका ने पेरिस ओलंपिक की अपनी साथी अंकिता भकत को फाइनल में छह दो से पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की। महिला वर्ग में जहां दीपिका कुमारी को यह खिताब मिला है, वहीं पुरुष वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा ने यह उपलब्धि हासिल की।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जैसलमेर में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्री–बजट बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– प्री बजट मीटिंग में झारखंड ने केन्द्र सरकार से मांगे बकाया एक दशमलव तीन छह लाख करोड़ रुपये।

दैनिक भास्कर ने राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हवाले से लिखा है– झारखंड का बकाया एक दशमलव तीन छह लाख करोड़ दें, रांची–पटना एक्सप्रेस वे बनायें।

हिन्दुस्तान लिखता है– मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान राशि 28 को लाभुकों के खाते में भेजेंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– रांची के शिवम को मिला राष्ट्रपति वीरता पदक।

रांची एक्सप्रेस लिखता है– अनियंत्रित कार ने आग ताप रहे पांच लोगों को रौंदा, दो की मौत–तीन जख्मी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने एक राष्ट्र–एक चुनाव विधेयक संसद की संयुक्त समिति को भेजे जाने की खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

***************